राजकीय महाविद्यालय में महिला एवं पुरुष दोनों एनएसएस यूनिट के विद्यार्थियों को योगाभ्यास करवाया गया। शिविर के चौथे दिन योगाचार्य प्रमोद घोटड़ ने विद्यार्थियों को योग के महत्व के बारे में बताते हुए विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि योगासनों से शरीर की बीमारियां तो दूर होती है, इसके साथ - साथ नकारात्मक विचार भी खत्म हो जाते है। व्यक्तित्व शक्ति में वृद्धि होती है। योग करने से मानसिक तनाव भी दूर हो जाता है। मन की एकाग्रता तथा धारणा बढ़ती है। योग करने से शरीर व मन शांत हो जाता है। एनएसएस महिला यूनिट इंचार्ज डॉ. रेखा रानी ने कहा कि योग बहुत महत्वपूर्ण है।

योग का अभ्यास करके हम आंतरिक शक्ति, एक अच्छा स्वास्थ्य व ध्यान केन्द्रित करने की शक्ति प्राप्त कर सकते है। पुरुष यूनिट प्रभारी दर्शन सिंह ने भी विद्यार्थियों को योग की महत्ता के बारे में विस्तार से बताया। सहायक प्रो. अनिल महायच ने सेना में महिलाओं के लिए नौकरी के अवसर के बारे में विस्तार जानकारी दी। रेड क्रास सोसायटी से रोहतास कुमार ने करंट लगने पर होने वाले प्राथमिक उपचार के बारे में विस्तार से बताया।

अमर उजाला

## योगासनों से बीमारियां दूर होती हैं : घोटड़

भादरा। राजकीय महाविद्यालय में महिला एवं पुरुष दोनों एनएसएस यूनिट के विद्यार्थियों को योगाभ्यास करवाया गया। शिविर के चौथे दिन योग शिक्षक प्रमोद घोटड़ ने विद्यार्थियों को योग के महत्व के बारे में बताते हुए विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि योगासनों से शरीर की बीमारियां तो दूर होती है, इसके साथ-साथ नकारात्मक विचार भी खत्म हो जाते हैं। मानसिक तनाव भी दूर हो जाता है। मन की एकाग्रता तथा धारणा बढ़ती है। एनएसएस महिला यूनिट इंचार्ज डॉ. रेखा रानी ने कहा कि योग बहुत महत्वपूर्ण है। योग का अभ्यास करके हम आंतरिक शक्ति, एक अच्छा स्वास्थ्य व ध्यान केंद्रित करने की शक्ति प्राप्त कर सकते हैं। संवाद

# स्वयं सेविकाओं ने रैली निकाल लोगों को बताए नशे के दुष्प्रभाव



भादरा। राजकीय महाविद्यालय में नशा मुक्त रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते प्राचार्य दिनेश व डॉ. सुभाष।

दैनिक भास्कर

भास्कर न्यूज | भादरा

राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस महिला यूनिट द्वारा शिविर के पांचवें दिन नशा मुक्ति अभियान पर रैली निकाली गई। इस यूनिट प्रभारी डॉ. रेखा रानी के नेतृत्व में निकाली गई जागरूकता रैली में स्वयं सेविकाओं ने नारे व स्लोगन के माध्यम से लोगों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया। इस जागरूकता रैली को प्राचार्य दिनेश कुमार व डॉ. सुभाष चंद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्राचार्य ने कहा कि नशा समाज के विकास में बहुत बड़ी बाधा है। नशा करने वाला व्यक्ति समाज में अपना मान सम्मान खो देता है और चोरी, डकैती या अन्य गलत कार्य करने लग जाता है। लेकिन उन्हें समझाना होगा नशे के बहुत ज्यादा नुकसान है। डॉ. सुभाष मिश्रा, डॉ. राजाराम व ज्योति झाझड़िया ने भी स्वयं सेवकों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया।

कार्यक्रम अंत में सहायक प्रोफेसर दिलसुख राम ने नशा मुक्त भारत में युवाओं की भूमिका पर अपना व्याख्यान दिया। रेडक्रॉस सोसायटी से रोहतास कुमार ने पानी में डूबने पर होने वाले प्राथमिक उपचार के बारे में बताया। एनएसएस महिला यूनिट प्रभारी डॉ. रेखा रानी ने कहा कि स्वयं सेविकाओं को शिविर में बताए जाने वाली हर जानकारी को ध्यान से सुनकर अपने जीवन में धारण करनी चाहिए।

DATE

शनिवार SATURDAY 13 मार्च 2021 ← पंजाब केसरी

# 'नशा समाज के विकास में बहुत बड़ी बाधा : दिनेश'

भट्टूकलां, 12 मार्च (का.प्र.): राजकीय महाविद्यालय में एन.एस.एस. महिला यूनिट द्वारा शिविर के 5वें दिन नशा मुक्ति अभियान पर रैली निकाली गई। यूनिट प्रभारी डा. रेखा रानी के नेतृत्व में निकाली गई इस जागरूकता रैली में स्वयं सेविकाओं ने नारे व स्लोगन के माध्यम से लोगों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया। इस जागरूकता रैली को प्राचार्य दिनेश कुमार व डा. सुभाष चंद्र ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्राचार्य ने कहा कि नशा समाज के विकास में बहुत बड़ी बाधा है। नशा करने वाला व्यक्ति समाज में अपना मान सम्मान खो देता है और चोरी डकैती या अन्य गलत कार्य करने लग जाता है। उन्होंने कहा कि कुछ युवा नशा करने को अपना शौक समझते हैं। धीरे- धीरे वह नशे के आदी बन जाते हैं। ऐसा करके उनका भविष्य भी खराब हो जाता है। नशे के बहुत ज्यादा नुकसान हैं।

डा. सुभाष सिहाग, डा. राजाराम व ज्योति झाझड़ा ने भी स्वयं सेवकों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया। सायंकाल सत्र में सहायक प्रोफेसर दिलसुख राम ने नशा मुक्त भारत में युवाओं की भूमिका पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण में युवा वर्ग का विशेष योगदान है।

समाज के सभी युवा वर्ग की जिम्मेवारी बनती है कि नशा करने वालों को नशे की लत से बचा कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि देश के युवा वर्ग का यह कर्तव्य बनता है कि वह सब मिलकर लोगों को नशे की वजह से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताएं एवं उन्हें जागरूक करें। रेडक्रॉस सोसाइटी से रोहताश कुमार ने पानी में डूबने पर होने वाले प्राथमिक उपचार के बारे में बताया।

# एनएसएस छात्राओं ने चलाया सफाई अभियान

← अमर उजाला

भट्टूकलां। राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस शिविर के छठे दिन स्वयंसेविकाओं ने माचरा मंडी व प्रताप नगर में सफाई अभियान चलाया। स्वयंसेविकाओं ने डोर टू डोर अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। सहायक प्रोफेसर अमित कुमार ने पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज हम विकास के मार्ग पर भले ही आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन कहीं न कहीं विकास के नाम पर पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं। अब ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं, जब पर्यावरण संरक्षण के बिना लंबे समय तक जीवित नहीं रह सकते। औद्योगिकरण के नाम पर पेड़ों की कटाई की जा रही है। बढ़ती जनसंख्या के कारण भी पर्यावरण संकट गहराता जा रहा है। हमें वन संरक्षण पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। सहायक प्रोफेसर ज्योति झाझड़ा व मदनलाल ने भी स्वयंसेविकाओं को जागरूक किया। एनएसएस महिला यूनिट प्रभारी डॉ. रेखा रानी ने स्वयंसेविकाओं को समाज सेवा से जुड़े कार्यों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के बारे में जागरूक किया। संवाद


एनएसएस छात्राओं ने चलाया सफाई अभियान

भट्टूकलां। राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस शिविर के छठे दिन स्वयंसेविकाओं ने माचरा मंडी व प्रताप नगर में सफाई अभियान चलाया। स्वयंसेविकाओं ने डोर टू डोर अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। सहायक प्रोफेसर अमित कुमार ने पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज हम विकास के मार्ग पर भले ही आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन कहीं न कहीं विकास के नाम पर पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं। अब ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं, जब पर्यावरण संरक्षण के बिना लंबे समय तक जीवित नहीं रह सकते। औद्योगिकरण के नाम पर पेड़ों की कटाई की जा रही है। बढ़ती जनसंख्या के कारण भी पर्यावरण संकट गहराता जा रहा है। हमें वन संरक्षण पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। सहायक प्रोफेसर ज्योति झाझड़ा व मदनलाल ने भी स्वयंसेविकाओं को जागरूक किया। एनएसएस महिला यूनिट प्रभारी डॉ. रेखा रानी ने स्वयंसेविकाओं को समाज सेवा से जुड़े कार्यों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के बारे में जागरूक किया। संवाद


# 'पर्यावरण संरक्षण के बिना लंबे समय तक जीवित रहना मुश्किल: अमित कुमार'

← पंजाब केसरी

भट्टूकलां, 13 मार्च (का.प्र.): राजकीय महाविद्यालय में एन.एस.एस. शिविर के छठे दिन महिला स्वयं सेविकाओं ने माचरा मंडी व प्रताप नगर में सफाई अभियान चलाया गया। स्वयं सेविकाओं ने डोर टू डोर अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक भी किया। सहायक प्रोफेसर अमित कुमार ने पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आज हम विकास के मार्ग पर भले ही आगे बढ़ रहे हैं लेकिन कहीं न कहीं विकास के नाम पर पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं। हम अब ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं जब पर्यावरण संरक्षण के बिना लंबे समय तक जीवित रहना मुश्किल है। औद्योगिकरण के नाम पर पेड़ों की कटाई की जा रही है। बढ़ती जनसंख्या के कारण भी पर्यावरण संकट गहराता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हमें वन संरक्षण पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। जितने अधिक पेड़-पौधे होंगे वातावरण उतना ही अधिक स्वच्छ होगा।

सहायक प्रोफेसर ज्योति झाझड़ा व मदनलाल ने भी स्वयं सेविकाओं को जागरूक किया। एन.एस.एस. महिला यूनिट इंचार्ज डा. रेखा रानी ने स्वयं सेविकाओं को समाज सेवा से जुड़े कार्यों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में अनेक प्रकार की कुरीतियां व्याप्त हैं, जो कि समाज को दीमक की भांति अंदर से खोखला कर रही हैं। ऐसे में स्वयं सेविकाओं को लोगों को जागरूक करने के लिए अपना अहम योगदान देना चाहिए। लोगों में जागरूकता लाकर ही सभ्य समाज की स्थापना की जा सकती है।

PAGE

दैनिक जागरण

# छात्राओं ने में चलाया स्वच्छता अभियान

संवाद सूत्र, भट्टूकलां : राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस शिविर के छठे दिन महिला स्वयं सेविकाओं ने माचरा मंडी व प्रताप नगर में सफाई अभियान चलाया। स्वयं सेविकाओं ने डोर टू डोर अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। सहायक प्रोफेसर अमित कुमार ने पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी।

सहायक प्रोफेसर ज्योति झाझड़ा व मदनलाल ने भी स्वयं सेविकाओं को जागरूक किया। एनएसएस महिला यूनिट इंचार्ज डा. रेखा रानी ने स्वयं सेविकाओं को समाज सेवा से जुड़े कार्यों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में अनेक प्रकार की कुरीतियां व्याप्त हैं। जो कि समाज को दीमक की भांति अंदर से खोखला कर रही हैं।

DATE

# सुमन और रवि को चुना बेस्ट कैंपर

## राजकीय महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न

भास्कर न्यूज | भट्टूकलां

राजकीय महाविद्यालय में सात दिवसीय महिला व पुरुष एनएसएस शिविर रविवार को संपन्न हो गया। शिविर में महिला यूनिट से सुमन बेस्ट कैंपर व अनीता देवी बेस्ट वॉलंटियर चुनी गई। पुरुष यूनिट में रवि बेस्ट कैंपर व सुनील को बेस्ट वॉलंटियर चुना गया। कार्यक्रम में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी विनय प्रताप सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया।

उन्होंने एनएसएस के माध्यम से राष्ट्र हित व सामाजिक कार्यों से जुड़कर देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नैतिक मूल्यों का विकास करके हम समाज को आगे बढ़ा सकते है। प्राचार्य लेफ्टिनेंट दिनेश कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि किसी भी सकारात्मक कार्य को करने में भी अगर आलोचना होती है तो हमें इस आलोचना को सकारात्मक रूप से लेकर अपने कार्य पर ध्यान देना चाहिए। हमें नकारात्मक विचारों से बचना चाहिए और अपने अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रविंद्र ढाका व सुरेश बुडानिया ने स्वयं सेवकों को समाज और राष्ट्र निर्माण में सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय सेना में शामिल होकर देश की सुरक्षा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस महिला यूनिट प्रभारी डॉ. रेखा रानी व पुरुष यूनिट प्रभारी प्रो. दर्शन सिंह ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने शिविर में सात दिनों में करवाएं गए कार्यों की एक संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर प्रवक्ता दिलसुख राम, राकेश कुमार, सुशील कुमार मौजूद रहे।



भट्टूकलां। एनएसएस बेस्ट वालंटियर व बेस्ट कैंपर को सम्मानित करते बीडीपीओ व प्राचार्य।

दैनिक भास्कर

# 'जलवायु परिवर्तन विश्व के सामने भयानक समस्या : वीनय प्रताप'

## 'सुमन व रवि बैस्ट कैंपर, अनीता व सुनील बैस्ट वॉलंटियर चुने गए'

फतेहाबाद, 14 मार्च (स.ह.) : राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां में 7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर का समापन हो गया। जिसमें बी.डी.पी.ओ. विनय प्रताप ने बतौर मुख्यातिथि व सेवा निवृत्त सैनिक रविन्द्र ढाका और वर्तमान में भारतीय सेना में सेवारत सुरेश बुडानियां ने बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। बी.डी.पी.ओ. ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन विश्व के सामने एक भयानक समस्या है जिससे निपटने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को एन.एस.एस. के विषय में महत्वपूर्ण बातों से अवगत कराया। इसके साथ ही उन्होंने एन.एस.एस. के माध्यम से राष्ट्र हित व सामाजिक कार्यों से जुड़कर देश के विकास में योगदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नैतिक मूल्यों का विकास करके हम समाज को आगे बढ़ा सकते हैं। वर्तमान समाज के अंदर अनेक कुरीतियां फैली हुई हैं, जिनको खत्म करने के लिए युवाओं को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें कभी हार न मान कर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। हार से हमें निराश नहीं होना चाहिए क्योंकि असफलता ही हमें सफलता की राह दिखाती है।

उन्होंने कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के अंदर सामाजिक सेवा की भावना जागृत करती है। जैसा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का लोगो स्वयं से पहले आप है, इसका अभिप्राय यह है कि हमें किसी भी कार्य को अपने स्वार्थ के लिए नए करके समाज की भलाई के लिए करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वयं सेवक व स्वयं सेविकाएं समाज को एक नई दिशा दे सकते है। उन्होंने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण बचाने का भी आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह प्लास्टिक का प्रयोग ना करें ताकि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य लेफ्टिनेंट दिनेश कुमार ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी सकारात्मक कार्य को करने में भी अगर आलोचना होती है तो हमें इस आलोचना को सकारात्मक रूप से लेकर अपने कार्य पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें नकारात्मक विचारों से बचना चाहिए और अपने अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रविंद्र ढाका व सुरेश बुडानिया ने स्वयं सेवकों को समाज और राष्ट्र निर्माण में सहयोग करने का आह्वान किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय सेना में शामिल होकर देश की सुरक्षा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। दोनों इकाई के प्रभारी डा. रेखा रानी व प्रो दर्शन सिंह ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया और कैम्प के 7 दिनों के अंदर करवाए गए कार्यों की एक संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। शिविर में महिला इकाई की तरफ से सुमन बैस्ट कैंपर, अनीता देवी बैस्ट वॉलंटियर रही जबकि पुरुष इकाई में रवि बैस्ट कैंपर और सुनील को बैस्ट वॉलंटियर चुना गया। इस अवसर पर स्कूल लेक्चरर सुशील कुमार, प्रवक्ता दिल सुखराम, अनिल सहरावत, राकेश कुमार सहित, अनेक स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



*कालेज के एन.एस.एस. शिविर के बैस्ट वालंटियर और बैस्ट कैंपर को सम्मानित करते मुख्यातिथि विनय प्रताप व स्टाफ सदस्य।* (गुरदेव)

पंजाब केसरी

अमर उजाला DATE

कार्यक्रम

भट्टू महाविद्यालय में चल रहा सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न

# अनीता देवी और सुनील चुने गए सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक

संवाद न्यूज एजेंसी

भट्टूकलां। राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां में चल रहा सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न हो गया। शिविर में अनीता देवी व सुनील को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक चुना गया। समापन समारोह में बीडीपीओ विनय प्रताप मुख्यातिथि रहे जबकि सेवानिवृत्त सैनिक रविंद्र ढाका और वर्तमान में भारतीय सेना में सेवारत सुरेश बुड़ानियां विशिष्ट अतिथि रहे।

बीडीपीओ ने विद्यार्थियों से कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन विश्व के सामने भयानक समस्या है, इससे निपटने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को एनएसएस के विषय में महत्वपूर्ण बातों से अवगत कराया। उन्होंने एनएसएस के माध्यम से राष्ट्र हित व सामाजिक कार्यों से जुड़कर देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य लेफ्टिनेंट दिनेश कुमार ने कहा कि किसी भी सकारात्मक कार्य को करने में अगर आलोचना होती है तो हमें उस आलोचना को सकारात्मक रूप से लेकर अपने कार्य पर ध्यान देना चाहिए। हमें नकारात्मक विचारों से बचना चाहिए और अपने अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना चाहिए।



शिविर के बेस्ट वालंटियर और बेस्ट कैंपर को सम्मानित करते विनय प्रताप व स्टाफ सदस्य।

## स्वयंसेवकों को किया सम्मानित

शिविर में महिला इकाई की ओर से अनीता देवी को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक और सुमन को बेस्ट कैंपर जबकि पुरुष इकाई से सुनील को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक और रवि को बेस्ट कैंपर चुना गया। इन सभी को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्राध्यापक सुशील कुमार, प्रवक्ता दिल मुहम्मद, अनिल सहरावत, राकेश कुमार सहित कई स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## भारतीय सेना में शामिल होने के लिए किया प्रेरित

फौजी रविंद्र ढाका व सुरेश बुड़ानिया ने स्वयंसेवकों को भारतीय सेना में शामिल होकर देश की सुरक्षा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। दोनों इकाई के प्रभारी डॉ. रेखा रानी व प्रो. दर्शन सिंह ने शिविर के सात दिनों में करवाए गए कार्यों की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# शिविर में सुमन और रवि चुने गए बेस्ट कैंपर

दैनिक जागरण

संवाद सूत्र, भट्टूकलां : राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हो गया। जिसमें बीडीपीओ विनय प्रताप ने बतौर मुख्यातिथि व सेवानिवृत्त सैनिक रविन्द्र ढाका और वर्तमान में भारतीय सेना में सेवारत सुरेश बुड़ानियां ने बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

बीडीपीओ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन विश्व के सामने एक भयानक समस्या है। जिससे निपटने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को एनएसएस के विषय में महत्वपूर्ण बातों से अवगत कराया। इसके साथ ही उन्होंने एनएसएस के माध्यम से राष्ट्र हित व सामाजिक कार्यों से जुड़कर देश के विकास में योगदान करने का आह्वान किया।



बेस्ट वालंटियर और बेस्ट कैंपर को सम्मानित करते मुख्यातिथि विनय प्रताप व स्टाफ सदस्य। • विज्ञप्ति

उन्होंने कहा कि नैतिक मूल्यों का विकास करके हम समाज को आगे बढ़ा सकते हैं। वर्तमान समाज के अंदर अनेक कुरीतियां फैली हुई है, जिनको खत्म करने के लिए युवाओं को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें कभी हार न मान कर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। हार से हमें निराश नहीं होना चाहिए क्योंकि असफलता ही हमें सफलता की राह दिखाती है।

उन्होंने कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के अंदर सामाजिक सेवा की भावना जागृत करती है। जैसा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का लोगो स्वयं से पहले आप है, इसका अभिप्राय यह है कि हमें किसी भी कार्य को अपने स्वार्थ के लिए नए करके समाज की भलाई के लिए करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वयं सेवक व स्वयं सेविकाएं समाज को एक नई दिशा दे सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण बचाने का भी आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह प्लास्टिक का प्रयोग ना करें ताकि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य लेफ्टिनेंट दिनेश कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रविंद्र ढाका व सुरेश बुडानिया ने स्वयं सेवकों को समाज और राष्ट्र निर्माण में सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय सेना में शामिल होकर देश की सुरक्षा में योगदान को प्रेरित किया। दोनों इकाई के प्रभारी डा. रेखा रानी व प्रो. दर्शन सिंह ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया।

National Girls Child day Celebrated on 24.01.2022

अमर उजाला 25.01.2022

# स्वयं सेविकाओं ने शिविर कर मनाया राष्ट्रीय बालिका दिवस

संवाद न्यूज एजेंसी

भट्टूकलां। राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस पर एनएसएस महिला इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर किया गया। महिला यूनिट के प्रभारी डॉ. राजेश कुमार व पुरुष इकाई के प्रभारी प्रो. दर्शन सिंह ने भी छात्राओं को बालिका दिवस और समाज में महिलाओं की भागीदारी के विषय पर व्याख्यान दिया।

उन्होंने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में बालिकाओं को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक होना अति आवश्यक है। अगर बालिकाओं को अपने अधिकारों की जानकारी होगी तो वो सभी प्रकार के शोषण से मुक्त हो सकेंगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुभाष सिहाग ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युग महिलाओं का युग है। महिला किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। वो सभी क्षेत्रों में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर समाज निर्माण में अद्वितीय योगदान दे रही है।



भट्टूकलां कॉलेज में सफाई अभियान चलाती स्वयं सेविकाएं। अमर

शिविर में स्वयं सेविकाओं ने भी अपने विचार रखे और वर्तमान समाज में महिलाओं की स्थिति के विषय में अपने विचार रखे। शिविर के दौरान स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय में सफाई अभियान भी चलाया।

उन्होंने कक्षा कक्ष व प्रयोगशालाओं की सफाई की। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ से प्रो. विनोद, डॉ. रेखा रानी, प्रो. दीपक सिहाग, दिलसुख, अनिल कुमार, मदन लाल, डॉ. कीर्ति चौधरी व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

NSS Seven Day Camp organized from 22.03.2022 to 28.03.2022

[illegible]
23 March, 2022

# एनएसएस शिविर शुरू छात्राओं को बताया समय का महत्व

न्यूज ब्यूरो, भट्टूकलां : राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां में मंगलवार से सात दिवसीय एन एस एस शिविर आजादी के अमृत महोत्सव थीम के अंतर्गत शुरू हुआ। शिविर में महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सुभाष सिहाग ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने स्वयं सेवकों और स्वयं सेविकाओं को समय और अनुशासन के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों को समय और अनुशासन की पालना करना चाहिए, तभी सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी के जीवन में समय और अनुशासन का विशेष महत्व है। कामयाबी उन्हीं लोगों को मिलती है जो समय की कद्र करते हैं और अनुशासन की पालना करते हैं। इस अवसर दोनों इकाइयों के प्रभारी दर्शन सिंह और राजेन्द्र कुमार ने सभी विद्यार्थियों को शिविर के बारे में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश देकर शिविर की सातों दिनों की कार्यवाही को विस्तार से बताया। इस शिविर में 'विश्व जल दिवस' के अवसर पर विद्यार्थियों को जल बचाने की शपथ दिलाई गई। इसी कड़ी में भूगोल विषय के प्राध्यापक दीपक सिहाग ने वर्तमान समय में जल संरक्षण क्यों आवश्यक है, विषय पर संबोधन किया।

दैनिक भास्कर
23 March, 2022

# नएसएस शिविर में जल चाने की दिलाई शपथ

भास्कर न्यूज | भट्टूकलां

जकीय महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुभारंभ आजादी के अमृत होत्सव थीम के अंतर्गत हुआ। शिविर में प्राचार्य डॉ. सुभाष सहाग ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने स्वयं सेवकों और स्वयं सेविकाओं को समय व अनुशासन के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों को समय और अनुशासन की पालना करने से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। दोनों इकाइयों के प्रभारी दर्शन सिंह व राजेश कुमार ने विद्यार्थियों को शिविर के बारे में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश देकर शिविर की सातों दिनों की कार्यवाही को विस्तार से बताया।

शिविर में विश्व जल दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को जल बचाने की शपथ दिलाई गई।

भूगोल विषय के प्राध्यापक दीपक सिहाग ने वर्तमान समय में जल संरक्षण की आवश्यक विषय पर व्याख्यान दिया। विद्यार्थियों को पानी बचाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राध्यापक राजेंद्र सिंह, डॉ. राजा राम, विकास मोहन, अनिल कुमार, अनिल, हरीश कुमार, दिलसुख राम सहित सभी स्वयं सेवक मौजूद रहे।

## एनएसएस शिविर के दूसरे दिन सिखाया योग

### राजकीय महाविद्यालय भट्टू कलां में सात दिवसीय शिविर आयोजित

भट्टू कलां। राजकीय महाविद्यालय भट्टू कलां में सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत एनएसएस गीत के साथ हुई। स्वयं सेवकों और स्वयं सेविकाओं द्वारा शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में राजगुरु, भगत सिंह और सुखदेव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए।

स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं ने राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम में सभी शहीदों के योगदान और बलिदान को भी याद किया और अपने विचार रखे। शिविर में योग शिक्षक प्रमोद मोटड़ और पवन कुमार ने सभी स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं को विभिन्न प्रकार के योगासन और प्राणायाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। योग शिक्षक प्रमोद मोटड़ और पवन कुमार ने विद्यार्थी जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यार्थी को प्रतिदिन योग करना चाहिए, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके और अध्ययन कार्य में भी सहायता मिले। इसके बाद स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान भी चलाया। एनएसएस इकाई के दोनों प्रभारी प्रो. राजेश कुमार व प्रो. दर्शन सिंह ने भी शहीदों के जीवन वृत्तांत से अवगत करवाया। संवाद

अमर उजाला
24 March 2022

हरिभूमि
25 March, 2022

## कॉलेज स्वयंसेवकों ने चलाया सफाई अभियान

- लोगों को प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए जागरूक किया
- राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सफाई अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां

भट्टूकलां महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के तीसरे दिन फतेहाबाद के महिला कॉलेज के प्रो. जसबीर ने स्वयं सेवकों ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ज्ञान वो शक्ति है जो हमें जीवन में आने वाली हर कठिनाइयों से कैसे पार पाया जा सकता है, के बारे में काम आता है। उन्होंने बताया कि मनुष्य के पास धन हो या सोना उनके खो जाने का या कम हो जाने का डर बना रहता है, लेकिन उसी धन को अगर हम नॉलेज में बदलते हैं तो उसके खोने का डर नहीं रहता। इस दौरान पुरुष इकाई ने गांव भट्टूकलां में प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के तहत प्लास्टिक अवशेषों को एकत्रित करते हुए लोगों को प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए जागरूक किया, वहीं स्वयं सेवकों ने राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सफाई अभियान चलाया। जहां पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सज्जन कुमार व समाज शास्त्र प्रवक्ता गोलू राम ने स्वयं सेवकों को राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका विषय पर अपने विचारों से प्रेरित किया। दूसरी और महिला इकाई ने महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया।

## दृढ़ निश्चय के साथ अपने लक्ष्य प्राप्ति की तैयारी करें : सुखदेव

भट्टूकलां,27 मार्च(का.प्र.) : राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां में एनएसएस शिविर के छठे दिन फिरोज गांधी मेमोरियल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय आदमपुर के समाज शास्त्र के पद पर कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर सुखदेव ने एन.एस.एस. विद्यार्थियों को अपने अध्ययन और पुस्तकों से प्रेम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि यदि हम दृढ़ निश्चय के साथ अपने कार्य को करें तो हमारे लिए कोई भी लक्ष्य बड़ा नहीं होगा।

हम आसानी से अपने लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। उन्होंने बताया की विद्यार्थी को अपने जीवन में सफल होने के लिए पुस्तकों से प्रेम करना करना चाहिए। विद्यार्थियों को हमेशा अच्छी पुस्तकें पढ़ना चाहिए, जिस से उनके ज्ञान में वृद्धि होती रहे। प्रत्येक विद्यार्थी को पूरी लगन व ईमानदारी के साथ अध्ययन कार्य करना चाहिए। एक विद्यार्थी को अपने माता- पिता और बड़ों का हमेशा सम्मान करना चाहिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने स्वयं सेवकों को महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने की भी सलाह दी। सामाजिक संस्था बुलंद उड़ान फतेहाबाद की संयोजिका अंजू वर्मा ने स्वयं सेवकों और स्वयं सेविकाओं बाल अधिकारों और महिला अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर एनएसएस पुरुष इकाई प्रभारी दर्शन सिंह, एनएसएस महिला इकाई प्रभारी राजेश कुमार, दीपक मित्तल, अनिल कुमार सहित महाविद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

दैनिक जागरण
28 March, 2022

पंजाब केसरी
08 March, 2022



शिविर में उपस्थित विद्यार्थी। • जागरण

भट्टूकलां : राजकीय महाविद्यालय भट्टू कलां में एनएसएस शिविर के चौथे दिन शुक्रवार को बैंक द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर भारतीय स्टेट बैंक के डिप्टी मैनेजर गणेश पारीक ने सभी स्वयं सेवकों और स्वयं सेविकाओं को बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की जनहित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

मैनेजर ने बताया कि एक विद्यार्थी अपने अध्ययन और उच्च [illegible] के लिए बैंक से किस प्रकार लाभान्वित हो सकते है। चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डॉ पूजा ने स्वयंसेविकाओं को मानवीय मूल्यों के बारे में जानकारी दी। एक विद्यार्थी को सर्वांगीण विकास के लिए इन जीवन मूल्यों को अपनाना चाहिए और महात्मा गांधी, अब्दुल कलाम, विवेकानंद, गौतम बुद्ध आदि महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। (संवाद)

अमर उजाला
08 March, 2022

# जीवन में दृढ़ निश्चय से अपने लक्ष्य को प्राप्त करें : प्रो. सुखदेव

संवाद न्यूज एजेंसी

भट्टू कलां। राजकीय महाविद्यालय भट्टू कलां में एनएसएस शिविर के छठे दिन फिरोज गांधी मेमोरियल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय आदमपुर के समाजशास्त्र विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर सुखदेव ने विद्यार्थियों को अध्ययन और पुस्तकों से प्रेम करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने बताया कि यदि हम दृढ़ निश्चय के साथ अपने कार्य को करें तो हमारे लिए कोई भी लक्ष्य बड़ा नहीं होगा। हम आसानी से अपने लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी को अपने जीवन में सफल होने के लिए पुस्तकों से प्रेम करना करना चाहिए। हमेशा अच्छी पुस्[illegible]ढ़ना चाहिए, जिससे उनके ज्ञान [illegible]द्धि होती रहे। अच्छी पुस्तकें भी मित्रों के समान ही होती है। प्रत्येक विद्यार्थी को पूरी लग्न व ईमानदारी के साथ अध्ययन कार्य करना चाहिए। सामाजिक संस्था बुलंद उड़ान की संयोजिका अंजू वर्मा ने स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं को बाल अधिकारों और महिला अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।



भट्टू महाविद्यालय में श्रमदान करती स्वयंसेविकाएं। संवाद

इस मौके पर एनएसएस पुरुष इकाई प्रभारी दर्शन सिंह, एनएसएस महिला इकाई प्रभारी राजेश कुमार, दीपक सिहाग, अनिल कुमार मौजूद रहे।

A quiz competition on NSS day organized on 24.09.2022

दैनिक जागरण
25/09/2022

## प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में दर्पण रहीं प्रथम




विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्राचार्य डा. सुदेश गुप्ता व स्टाफ सदस्य। ● जागरण

संवाद सूत्र, भट्टूकलां : राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डा. सुदेश गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमें सेवा, समर्पण और सहयोग की भावना को सिखाती है। कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दर्पण बीए तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दीक्षा रानी बीए द्वितीय वर्ष ने दूसरा स्थान व सुमन बीए तृतीय वर्ष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निकिता बीए तृतीय वर्ष में प्रथम स्थान, अमनदीप बीए द्वितीय वर्ष ने दूसरा स्थान व अंजू बीए तृतीय वर्ष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. विक्रांत मोहन, प्रो. राजेश कुमार व प्रो. मदनलाल ने निभाई। एनएसएस प्रभारी प्रो. दर्शन सिंह ने स्वयं सेवकों को सेवा भावना के लिए प्रेरित किया।

दैनिक भास्कर
25/09/2022

हिसार, रविवार 25 सितंबर, 2022 | 04

## प्रश्नोत्तरी में दर्पण, पोस्टर मेकिंग में निकिता रही प्रथम




भट्टूकलां। राजकीय महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभागी को सम्मानित करते प्राचार्य।

भास्कर न्यूज | भट्टूकलां

राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुदेश गुप्ता ने किया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमें सेवा, समर्पण और सहयोग की भावना को सिखाती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का विद्यार्थी समाज निर्माण में एक अद्वितीय योगदान देता है। यह समाज के अंदर फैली अनेक कुरीतियों के प्रति लोगों को जागरूक भी करता है। कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दर्पण बीए तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दीक्षा रानी बीए द्वितीय वर्ष ने दूसरा स्थान व सुमन बीए तृतीय वर्ष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निकिता बीए तृतीय वर्ष में प्रथम स्थान, अमनदीप बीए द्वितीय वर्ष ने दूसरा स्थान व अंजू बीए तृतीय वर्ष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. विक्रांत मोहन, प्रो. राजेश कुमार व प्रो. मदनलाल ने निभाई। एनएसएस प्रभारी प्रो. दर्शन सिंह ने स्वयं सेवकों को सेवा भावना के लिए प्रेरित किया।

हरिभूमि
25/09/2022

राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस दिवस पर कार्यक्रम

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दर्पण प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां




भट्टूकलां। राजकीय महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राओं को सम्मानित करते प्राचार्य। फोटो : हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुदेश गुप्ता ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमें सेवा, समर्पण और सहयोग की भावना को सिखाती है। राष्ट्रीय सेवा योजना का विद्यार्थी समाज निर्माण में एक अद्वितीय योगदान देता है और वह समाज के अंदर फैली अनेक कुरीतियों के प्रति लोगों को जागरूक भी करता है। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दर्पण बीए तृतीय वर्ष ने प्रथम, दीक्षा रानी बीए द्वितीय वर्ष ने दूसरा व सुमन बीए तृतीय वर्ष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निकिता बीए तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, अमनदीप बीए द्वितीय वर्ष ने दूसरा स्थान व [illegible] बीए तृतीय वर्ष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रोफेसर विक्रांत [illegible], प्रोफेसर राजेश कुमार व प्रोफेसर मदनलाल ने निभाई।

A NSS one day camp organised on 08.11.2022

# स्वयंसेवकों ने चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि 09/11/2022

भट्टू कलां। राजकीय महाविद्यालय भट्टू कलां में गुरु नानक देव जयंती पर प्राचार्य डॉ. सुदेश गुप्ता की अध्यक्षता में एनएसएस की पुरुष और महिला इकाई ने एक दिवसीय शिविर लगाया। शिविर के दौरान छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय प्रांगण में सफाई अभियान चलाया। विद्यार्थियों ने लाइब्रेरी, मुख्य स्टेज, विज्ञान भवन आदि की सफाई की। महिला इकाई की प्रभारी डॉ. रेखा रानी ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। प्राध्यापक दिलसुख राम ने विद्यार्थियों को गुरु नानक देव के जीवन व उनके सेवा भाव के बारे में बताया। संवाद

दैनिक भास्कर फतेहाबाद भास्कर 09-11-2022

दैनिक भास्कर 09/11/2022

# स्वच्छता अभियान चलाया



भट्टूकलां। भट्टू कॉलेज में एनएसएस शिविर में स्वयं सेविकाएं।


भास्कर न्यूज | भट्टूकलां

राजकीय महाविद्यालय में एक दिवसीय एनएसएस की दोनों इकाइयों पुरुष व महिला द्वारा कैंप का आयोजन कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। कैंप की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. सुदेश गुप्ता ने की। शिविर में स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय प्रांगण, लाइब्रेरी, मुख्य स्टेज, विज्ञान भवन की सफाई की सफाई करने के अलावा पूरे महाविद्यालय को प्लास्टिक मुक्त किया। प्लास्टिक व कूड़ा कर्कट को उठाकर एक जगह इकट्ठा किया गया। एनएसएस महिला इकाई की प्रभारी डॉ. रेखा रानी ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। प्राध्यापक दिलसुख राम ने विद्यार्थियों को गुरु नानक देव के जीवन व उनके सेवा भाव के बारे बताया।

classmate

DATE

A second one day camp organised on 18.02.2023



# स्वस्थ शरीर ही सबसे बड़ा धन है, स्वास्थ्य के प्रति सुचेत रहना चाहिए : डा. रेखा

भट्टूकलां: 18 फरवरी (का.प्र.): राजकीय महाविद्यालय ने एन.एस.एस. महिला इकाई द्वारा दूसरा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य डा. सुभाष सिहाग ने स्वयं सेविकाओं का मार्ग दर्शन किया। इस शिविर में स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाया। अभियान में महाविद्यालय परिसर, पार्क, मैदान, साइंस ब्लॉक में साफ-सफाई की गई।

एन.एस.एस. महिला इकाई की इंचार्ज डा. रेखा रानी के नेतृत्व में लगाए गए इस शिविर में छात्राओं को सफाई के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि एन.एस.एस. न केवल व्यावहारिक रूप से समाज सेवा के लिए प्रेरित करता है, बल्कि भावनात्मक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने कहा [illegible] समाज सेवा में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर ही सबसे बड़ा धन है, इसलिए हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति सुचेत रहना चाहिए। हमें साफ-सफाई [illegible] लोगों को जागरूक करना चाहिए [illegible] जितनी अधिक साफ-सफाई रखेंगे उतना ही अधिक वातावरण स्वच्छ होगा।

# एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों ने चलाया सफाई अभियान



[illegible]

संवाद सूत्र, भट्टूकलां: राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस महिला इकाई द्वारा शनिवार को दूसरा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य डा. सुभाष सिहाग ने स्वयं सेविकाओं का मार्ग दर्शन किया। इस शिविर में स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाया। अभियान में महाविद्यालय परिसर, पार्क, मैदान, साइंस ब्लॉक में साफ सफाई की गई। एनएसएस महिला इकाई की इंचार्ज डा. रेखा रानी के नेतृत्व में लगाए गए इस शिविर में छात्राओं को सफाई के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि एनएसएस न केवल व्यावहारिक रूप से समाज सेवा के लिए प्रेरित करता है, बल्कि भावनात्मक विकास में भी भूमिका निभाता है।

Seen

classmate

[illegible]

# निबंध लेखन में ममता स्लोगन में दीक्षा प्रथम



[illegible]

[illegible]



[illegible]

# स्लोगन में दीक्षा व निबंध प्रतियोगिता में ममता रही प्रथम

[illegible]

# स्लोगन में दीक्षा रानी व निबंध प्रतियोगिता में ममता रही प्रथम



[illegible]

[illegible]

NSS seven days is organised from 09.03.2023 to 15.03.2023 at Mahi Mandi (Machra Mandi & Partap Nagar)

अमर उजाला (10.03.2023)

दैनिक जागरण (10.03.2023)

## मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में उर्मिला रही प्रथम

संवाद सूत्र भट्टूकलां। राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां की एनएसएस इकाइयों के वार्षिक सात दिवसीय विशेष शिविर का आगाज प्राचार्य महोदय डा. सुभाष सिहाग ने पौधा लगाकर किया। महाविद्यालय प्राचार्य ने बताया कि इस शिविर का आयोजन उद्यमी भारत थीम पर 15 मार्च तक महिला इकाई का शिविर डा. रेखा रानी के नेतृत्व में व पुरुष इकाई का दर्शन सिंह के नेतृत्व में किया जा रहा है। महिला इकाई का शिविर प्रताप नगर माचरा मंडी में तथा पुरुष इकाई का शिविर गांव भट्टूकलां में किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस का विद्यार्थी समाज में बदलाव की बयार ला सकता है। मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उर्मिला ने प्रथम, वंदना ने द्वितीय व कांता देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका स्वयं सेविकाओं ने अदा की। पुरुष इकाई ने भट्टू गांव में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाकर गांव के लोगों को प्लास्टिक से पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया।

## मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में उर्मिला प्रथम, वंदना द्वितीय



भट्टूकलां के कॉलेज में पौधारोपण करते एनएसएस के विद्यार्थी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

भट्टूकलां। राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां की एनएसएस इकाइयों के वार्षिक सात दिवसीय विशेष शिविर का आगाज प्राचार्य महोदय डॉ. सुभाष सिहाग ने पौधे लगाकर किया। महाविद्यालय प्राचार्य ने बताया कि इस शिविर का आयोजन उद्यमी भारत थीम पर 9 से 15 मार्च तक महिला इकाई का शिविर डॉ. रेखा रानी के नेतृत्व में व पुरुष इकाई का दर्शन सिंह के नेतृत्व में किया जा रहा है।

महिला इकाई का शिविर प्रताप नगर, माचरा मंडी में तथा पुरुष इकाई का शिविर गांव भट्टूकलां में किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस का विद्यार्थी समाज में बदलाव की बयार ला सकता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को समाज हित में अधिक से अधिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। शिविर के प्रथम दिन महिला इकाई ने नशा मुक्ति रैली निकाल कर लोगों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। रैली को महिला प्रभारी डॉ. रेखा रानी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शाम के समय महिला इकाई की ओर से मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उर्मिला ने प्रथम, वंदना ने द्वितीय व कांता देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

निर्णायक मंडल की भूमिका स्वयं सेविकाओं ने अदा की। पुरुष इकाई ने भट्टू गांव में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाकर गांव के लोगों को प्लास्टिक से पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। इसके अलावा स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाया।

Drug Free Rally and Mahendi Rache Competition is organised 1st day of NSS seven days camp

दैनिक भास्कर (10.03.2023)

## मेहंदी रचाओ में स्वयं सेविका उर्मिला प्रथम




भट्टूकलां। मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में मेहंदी दिखाती स्वयं सेविकाएं।

भट्टूकलां। राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों के वार्षिक सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का आगाज प्राचार्य डॉ. सुभाष सिहाग ने पौधा लगाकर किया। उन्होंने स्वयं सेवकों को जागरूकता संदेश दिया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को समाज हित में अधिक से अधिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। महिला इकाई का शिविर डॉ. रेखा रानी के नेतृत्व में प्रताप नगर व माचरा मंडी तथा पुरुष इकाई का प्रो. दर्शन सिंह के नेतृत्व में गांव भट्टू में लगाया जा रहा है। शिविर के प्रथम दिन महिला इकाई ने नशा मुक्ति रैली निकाल कर लोगों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। रैली को महिला इकाई प्रभारी डॉ. रेखा रानी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शाम के समय महिला इकाई की ओर से मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में उर्मिला ने प्रथम, वंदना ने द्वितीय व कांता देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका स्वयं सेविकाओं ने अदा की। पुरुष इकाई ने भट्टू गांव में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाकर गांव के लोगों को प्लास्टिक से पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। इसके अलावा स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाया। प्रो. दर्शन सिंह ने स्वयं सेवकों को जागरूकता संदेश दिया।

Mahi 10/03/2023

Seen

classmate

On the 2nd day of NSS seven days camp volunteers [illegible] plants and a lecture on 'Entrepreneurship' by Sh. Sita Ram, Asst Prof (Economics)

दैनिक जागरण (11.03.2023)

# स्वयंसेवकों ने चलाया प्लास्टिक मुक्त अभियान



कालेज में अभियान चलाते छात्राएं। •जागरण

संवाद सूत्र, भट्टूकलां : भट्टूकलां राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस की महिला इकाई ने शुक्रवार को दूसरे दिन पेड़ों की रंगाई की व प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया। उन्होंने सभी पार्क मैदान से प्लास्टिक की थैलियां उठाई एवं सभी पेड़ों की रंगाई की। एनएसएस महिला इकाई इंचार्ज डा. रेखा रानी के नेतृत्व में व प्राचार्य सुभाष सिहाग के दिशा निर्देश अनुसार स्वयंसेवकों ने सभी पार्क अच्छे से तैयार कर दिखाए। स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय के सभी पेड़ों को सफेद रंग की पुताई की ताकि पेड़ों को दीमक से बचाया जा सके। रंगाई से पेड़ों की छाल लंबे समय तक सही रहती है। दोपहर के समय बाद स्वयंसेवकों मुख्य वक्ता प्रोफेसर सीताराम ने मुख्य विषय उद्यमी भारत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजकल रोजगार के अनेक अवसर हैं। जरूरी नहीं कि सरकारी नौकरी में ही विश्वास रखा जाए। बल्कि इस से भी ऊपर जाने के अवसरों को हमें तलाशना चाहिए। हम छोटे उद्योग लगाकर एक अच्छा व्यवसायिक कार्य भी शुरू कर सकते हैं। जिसमें आर्टिफिशियल ज्वेलरी, पार्लर, बेकरी शॉप, सिलाई, कढ़ाई, सजावट में भी अपना भविष्य बनाया जा सकता है। उन्हें कहा कि सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाकर बैंक के माध्यम से लोन भी दिया जाता है।

दैनिक भास्कर (11.03.2023)

11/03/2023

# स्वयं सेविकाओं ने सफाई अभियान चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश

## शिविर के दूसरे दिन स्वच्छता अभियान चलाया



भट्टूकलां। स्वयं सेविकाओं को जागरूकता संदेश देते हुए।

भास्कर न्यूज | भट्टूकलां

राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस महिला ईकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाकर महाविद्यालय परिसर, पार्क व मैदान में साफ सफाई की गई तथा प्लास्टिक की थैलियों को उठाया गया। पेड़ पौधे की रंगाई भी की गई। एनएसएस महिला ईकाई की ईंचार्ज डॉ. रेखा रानी के छात्राओं को सफाई के महत्व के बारे में जागरूक किया। सहायक प्रोफेसर सीताराम ने स्वयं सेविकाओं को विभिन्न विषयों पर जागरूक किया। वहीं प्रो. दर्शन सिंह के नेतृत्व में एनएसएस पुरुष इकाई के स्वयंसेवकों ने भी सफाई अभियान चलाकर कक्षा कक्षों की सफाई की। सायंकालीन सत्र में स्वयंसेवकों को एमएम पीजी कॉलेज के गणित विभाग के सहायक प्रो. डॉ. विजय गोयल ने विद्यार्थियों को एनएसएस का विधार्थी जीवन में महत्व पर व्याख्यान दिया।

Seen
11/3/23

Yoga and an Extension Lecture on Digital Awareness is organised on third day of NSS Seven Day Camp

दैनिक जागरण (12.03.2023)

## एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों ने किया योगाभ्यास



सात दिवसीय एनएसएस शिविर में योगाभ्यास करते साधक । • जागरण

भट्टू कलां : राजकीय महाविद्यालय भट्टू कलां के सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन शनिवार को योगासन अभ्यास करवाया गया। इस शिविर में योग शिक्षक प्रमोद कुमार खोटड़ और पवन कुमार ने सभी स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं को विभिन्न प्रकार के योगासन और प्राणायाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुरुष ईकाई प्रभारी दर्शन सिंह व महिला इकाई प्रभारी डा. रेखा रानी के नेतृत्व में चल रहे इस शिविर में उपस्थित स्वयंसेवकों को योग शिक्षकों ने विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों के जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला व विद्यार्थियों को सिंहासन, ताड़ासन, वृक्षासन, कपालभाति, अनुलोम विलोम, प्राणायाम, जल नेति, रबड़ नेति, सूत्र नेति सहित अनेक योगासनों का अभ्यास करवाया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यार्थी को प्रतिदिन योग करना चाहिए। जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके और अध्ययन कार्य में भी सहायता मिले।

12/03/2023

Seen

A Blood donation camp is organised by Gaurav Sainik organisation in co-operation with NSS Unit on 4th day of NSS Seven days Camp

दैनिक जागरण (13.03.2023)

# सैनिकों को अवार्ड देकर किया सम्मानित




सैनिकों को सम्मानित करते हुए संगठन के सदस्य।

संवाद सूत्र, भट्टू कलां: राजकीय महाविद्यालय भट्टू कलां में गौरव सैनिक संगठन ने एनएसएस इकाई व एनसीसी इकाई के साथ मिलकर रविवार को सैनिक सम्मान समारोह व रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें लगभग 150 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस शिविर का आयोजन गौरव सैनिक संगठन के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में किया गया। जिसमें फतेहाबाद जिले के भूतपूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं, व स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले सैनिकों और उनके घर वालों ने भाग लिया जिन्हें कार्यक्रम के दौरान शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आसपास गांव के निर्वाचित सदस्यों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस शिविर में महाविद्यालय से महिला व पुरुष एनएसएस व एनसीसी इकाई के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। संगठन संरक्षक रविन्द्र ढाका, प्रधान राकेश ढाका, व कोषाध्यक्ष दिनेश ने संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला व पूरा लेखा जोखा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सूरजपाल, श्रवण कुमार, प्रो दर्शन सिंह, रेखा रानी, प्रोफेसर दीपक सिहाग, सुभाष बुढानिया, रमन कुमार राणा, वाइस चेयरमैन बंशीलाल, बीरबाला, नकेश नरवाल अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

Seen 13/3/23

A Rally on Road Safety Awareness during NSS 07 days camp
दैनिक भास्कर (14.03.2023)

# लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का दिया जागरूकता संदेश



भट्टूकलां। सड़क सुरक्षा रैली निकालती स्वयं सेविकाएं।

भास्कर न्यूज | भट्टूकलां

राजकीय महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के पांचवें दिन महिला स्वयं सेविकाओं ने रैली निकालकर लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक किया। एनएसएस महिला इकाई प्रभारी डॉ. रेखा रानी के नेतृत्व में स्वयं सेविकाओं ने [illegible] नगर में रैली निकाली व डोर टू डोर अभियान चलाकर लोगों को सड़क एवं यातायात नियमों की जानकारी दी। रैली नगर भ्रमण करते हुए नारों व स्लोगन के माध्यम से जागरूकता संदेश दिया। स्वयं सेविकाओं ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि वो [illegible] हेलमेट का प्रयोग [illegible] अपनी गति पर हमेशा नियंत्रण रखें। ओवरटेक से दूरी आवश्यक बनाएं। कॉलेज प्राचार्य सुभाष सिहाग ने स्वयं सेविकाओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के हर कार्य में हमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। प्रोफेसर अनिल कुमार ने सेना में बढ़ती महिलाओं की भागीदारी विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए भारतीय सेना में लगातार नए रास्ते खुल रहे हैं। पिछले कुछ सालों में भारतीय सेना में महिलाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है।

14/03/2023

A Poster Making competition is also organised during 07 days camp
→ दैनिक भास्कर (15.03.2023)
15/03/2023

Seen

15/3/23

हिसार,बुधवार, 15 मार्च, 2023|2

# कॉलेज में पोस्टर बनाओ स्पर्धा में वंदना प्रथम



भट्टूकलां। कॉलेज में पोस्टर दिखाती स्वयं सेविकाएं।

भास्कर न्यूज | भट्टूकलां

राजकीय महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के छठे दिन महिला स्वयं सेविकाओं ने पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। इस प्रतियोगिता में स्वयं सेविकाओं ने पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्त भारत, सड़क सुरक्षा व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर पोस्टर बनाए। प्रतियोगिता में वंदना ने प्रथम स्थान हासिल किया। दीक्षा रानी व साक्षी द्वितीय स्थान पर रहीं। ममता व रेखा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका स्वयं सेविकाओं ने निभाई। एनएसएस महिला इकाई प्रभारी डॉ. रेखा रानी के नेतृत्व में स्वयं सेविकाओं ने कॉलेज प्रांगण में सफाई अभियान भी चलाया। कॉलेज प्रांगण के अलावा खेल मैदान, पार्क, साइंस ब्लॉक की सभी कक्षाएं व लैब में साफ सफाई की गई। इसके अलावा प्रोफेसर विक्रांत मोहन ने विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता के बारे में जागरूक किया।

PAGE

Closing ceremony of NSS 07 days camp

DATE

दैनिक भास्कर (16.03.2023)

# कॉलेज में साक्षी, राहुल बेस्ट केम्पर प्रवीण, दीक्षा बेस्ट वॉलिंटियर्स बने

## महिला व पुरूषों का सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

भास्कर न्यूज | भट्टूकलां



भट्टूकलां। कॉलेज में स्वयं सेवकों को सम्मानित करते हुए।

राजकीय महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर बुधवार को संपन्न हो गया। कैंप में बेस्ट केम्पर साक्षी व राहुल चुने गए। प्रवीण व दीक्षा बेस्ट वॉलिंटियर्स बने। उत्कृष्ट कार्य के लिए विक्रम, वीरेंद्र, उर्मिला व वंदना को चुना गया। स्वयं सेवकों को एनएसएस यूनिट की तरफ से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

मंच संचालन द्वितीय वर्ष के छात्र सतबीर सहारण ने किया। कार्यक्रम में ब्लॉक समिति के वाइस चेयरमेन बंसीलाल ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। वशिष्ट अतिथि के तौर पर रविन्द्र ढाका ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ. सुभाष सिहाग ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। रविंद्र ढाका ने विद्यार्थियों को देश सेवा व देश की आर्मी के कार्यों के बारे अवगत करवाया।

वाइस चेयरमैन बंसीलाल ने कहा कि कॉलेज लाइफ में सीखी बातें जीवन के लिए बहुत उपयोगी होती है। कार्यक्रम में एनएसएस प्रभारी डॉ. रेखा रानी व प्रोफेसर दर्शन सिंह ने सात दिनों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।

यहां डॉ. रविन्द्र कुमार, डॉ.रेखा, दर्शन सिंह, डॉ. कीर्ति चौधरी व मदन लाल मौजूद थे। प्रोफेसर विक्रांत मोहन ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

# राहुल और साक्षी बने एनएसएस के सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक

संवाद सूत्र, भट्टूकलां : राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां की एनएसएस इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का बुधवार को समापन हो गया। इस मौके पर ब्लाक समिति के वाइस चैयरमैन बंसीलाल मुख्य अतिथि के रूप में पंहुचें। वहीं वशिष्ठ अतिथि रविन्द्र ढाका संरक्षक गौरव सैनिक संगठन भी पंहुचे। इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डा. सुभाष सिहाग ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस सात दिवसीय कैंप में पुरुष वर्ग में बेस्ट कैंपर राहुल व महिला वर्ग में साक्षी रहे। वहीं पुरुष वर्ग में बेस्ट वालिंटियर्स प्रवीण व महिला वर्ग में दीक्षा रही। इसके अलावा उत्कृष्ट कार्य के लिए विक्रम, वीरेंद्र, उर्मिला व वंदना को चुना गया। इसके साथ ही सभी स्वयंसेवकों को एनएसएस यूनिट की तरफ से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि वाइस चेयरमैन बंसीलाल ने कहा कि कालेज लाइफ में सीखी जाने वाली बातें जीवन के लिए बहुत उपयोगी होती है। उन्होंने कहा कि अपने माता पिता और गुरुजनों का आदर करना चाहिए।



बेस्ट कैम्पर व बेस्ट वालिंटियर को सम्मानित करते मुख्यातिथि व स्टाफ सदस्य। • विज्ञप्ति

समापन समारोह से पूर्व रविन्द्र ढाका स्वयंसेवकों से रूबरू हुए और उन्होंने छात्रों को देश सेवा व देश की आर्मी के कार्यों के बारे अवगत करवाया। कार्यक्रम में एनएसएस पुरुष वर्ग इंचार्ज प्रो. दर्शन सिंह व महिला वर्ग इंचार्ज डा. रेखारानी ने सात दिनों की विस्तृत रिपोर्ट का विवरण मंच पर रखा। इस मौके पर मंच संचालन द्वितीय वर्ष के छात्र सतबीर सहारण ने किया।

दैनिक जागरण (16.03.2023)

16/03/2023

16/3/23

अमर उजाला →
(16.03.2023)

# एनएसएस कैंप में राहुल और साक्षी को चुना गया बेस्ट कैंपर



बेस्ट कैंपर व बेस्ट वालंटियर को सम्मानित करते मुख्यातिथि व स्टाफ सदस्य। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

भट्टूकलां। राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां की एनएसएस इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का बुधवार को समापन हो गया। इस मौके पर ब्लॉक समिति के वाइस चेयरमैन बंसीलाल मुख्य अतिथि के रूप में पंहुचे। वहीं विशिष्ट अतिथि रविन्द्र ढाका संस्थापक व संरक्षक गौरव सैनिक संगठन भी पंहुचे।

इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुभाष सिहाग ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस सात दिवसीय कैंप में पुरुष वर्ग में बेस्ट कैंपर राहुल व महिला वर्ग में साक्षी रहे। वहीं पुरुष वर्ग में बेस्ट वालंटियर प्रवीण व महिला वर्ग में दीक्षा रही। इसके अलावा उत्कृष्ट कार्य के लिए विक्रम, वीरेंद्र, उर्मिला व वंदना को चुना गया। इसके साथ ही सभी स्वयं सेवकों को एनएसएस यूनिट की तरफ से स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि वाइस चेयरमैन बंसीलाल ने कहा कि कॉलेज लाइफ में सीखी जाने वाली बातें जीवन के लिए बहुत उपयोगी होती हैं। उन्होंने कहा कि अपने माता-पिता और गुरुजनों का आदर करना चाहिए। समापन समारोह से पूर्व रविन्द्र ढाका स्वयंसेवकों से रूबरू हुए और उन्होंने छात्रों को देश सेवा के बारे अवगत करवाया।

कार्यक्रम में एनएसएस पुरुष वर्ग इंचार्ज प्रो. दर्शन सिंह व महिला वर्ग इंचार्ज डॉ. रेखारानी ने सात दिनों की विस्तृत रिपोर्ट का विवरण मंच पर रखा। इस मौके पर मंच संचालन द्वितीय वर्ष के छात्र सतबीर सहारण ने किया। इस अवसर पर डॉ. रविन्द्र कुमार, प्रोफेसर विक्रांत मोहन, डॉ. रेखा, डॉ. कीर्ति चौधरी, मदन लाल व एनएसएस के सभी विद्यार्थी मौजूद रहें।

Seen
16/3/23

A Three the one Day camp is organized on
28-03-2023

अमर उजाला

मधुर हरसी

## स्वयंसेविकाओं ने चलाया सफाई अभियान



भट्टू कलां : राजकीय महाविद्यालय भट्टू कलां में महिला विंग का एकदिवसीय एनएसएस शिविर आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. सुभाष सिहाग ने शिविर का शुभारंभ किया। एनएसएस महिला इकाई प्रभारी डॉ. रेखा रानी की देखरेख में स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय के पार्क, मैदान, लाइब्रेरी, क्लास रूम, लैब की सफाई की। वहीं कॉलेज परिसर में वृक्षों के पत्तों की ढेरियों व प्लास्टिक आदि कचरे को उठाया। डॉ. सुभाष सिहाग ने छात्राओं को व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस से स्वयंसेवकों के अंदर विनम्रता, धैर्य, साहस, सकारात्मक स्वभाव का विकास होता है। वह अपने देश व जमीन से जुड़े रहते हैं और राष्ट्र सेवा की भावना से ओतप्रोत होते हैं। इस मौके पर डॉ. कीर्ति चौधरी, सीमा, अनिल, हरीश कुमार आदि मौजूद रहे। संवाद

# राजकीय महाविद्यालय परिसर में स्वयंसेवकों ने चलाया अभियान

दैनिक जागरण

संवाद सूत्र, भट्टूकलां : राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां में महिला विंग का एक दिवसीय एनएसएस कैंप का आयोजित किया गया। इस कैंप का शुभारंभ कालेज प्राचार्य डा. सुभाष सिहाग ने किया। एनएसएस महिला ईकाई प्रभारी डा. रेखा रानी की देखरेख में स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया।

इस दौरान स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय के पार्क, मैदान, लाईब्रेरी, कलास रूम, लैब की साफ सफाई की। वहीं कालेज परिसर में वृक्षों के पत्तों की ढेरियों व प्लास्टिक आदि कचरे को उठाकर सफाई की। इस दौरान कालेज प्राचार्य डा. सुभाष सिहाग ने एनएसएस विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण बारे जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि एनएसएस से स्वयंसेवकों के अंदर विनम्रता, धैर्य, साहस, सकारात्मक स्वभाव का विकास होता है। वह अपने देश से, जमीन से जुड़े रहते है और राष्ट्र सेवा की भावना से ओत-प्रोत है।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर एनएसएस इंचार्ज डा. रेखा रानी, डा. कीर्ति चौधरी, सीमा, अनिल, हरिश कुमार सहित अनेक स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



भट्टूकलां में राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस की संयुक्त इकाइयों के तत्वावधान में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया।। • जागरण

Neha

Seen

23/4/23

राजकीय महाविद्यालय भट्टू मण्डी में स्वच्छता मुहिम अभियान चलाई गई एन.एस.एस दिनांक 21.09.2023



Seen 19/10/23




Seen 19/10/23